## खबर संक्षेप

### एसपी ने किया थाना सिंहपुर का भ्रमण

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा 05 जनवरी को थाना सिंहपुर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थानों के लंबित अपराध, लंबित मर्ग, जरायम, रजिस्टर, मालखाना आदि का निरीक्षण किया एवं समुचित निकाल हेतु थाना प्रभारी एवं विवेचकों को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने लंबित सीएम हेल्पलाईन शिकायतों एवं पुरानी शिकायतों के तत्परतापूर्वक निकाल करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक एफ.एस.एल. डॉ. अहिरवार, थाना प्रभारी एम.एल. वर्मा एवं थाना का स्टाफ मौजूद रहा।

### पुलिस द्वारा उतरवाये गए लाउड स्पीकर



**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा 05 जनवरी को सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना सिंहपुर के पिपरिया तिराहा क्षेत्र में स्थित मस्जिद में तीव्र ध्वनि के लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा खैरहा पुलिस को निर्देशित किया गया। जिस पर थाना प्रभारी खैरहा दिलीप सिंह एवं अन्य स्टाफ ने तत्काल उक्त स्थान पर पहुंचकर धर्मावलंबियों से चर्चा करते हुए सहमति के आधार पर उक्त लाउड स्पीकरों को उतरवाया एवं सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### बालक-बालिका को बुढ़ार पुलिस ने किया दस्तयाब

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्र में 02 जनवरी को दो नाबालिकों के माता-पिता (परिजन) द्वारा उनके बालक-बालिकाओ को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी, जिस पर थाना बुढ़ार पुलिस द्वारा दोनो नाबालिको की गुमने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्व कर दोनो की पता तलाश हेतु थाना प्रभारी बुढ़ार द्वारा पृथक-पृथक पुलिस अधिकारी सहायक उप निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह व मन्नू सिंह को नियुक्त किया गया, दोनो पुलिस अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के मार्गदशन के अनुसार दोनो नाबालिग (बालक-बालिका) को 04 जनवरी को दस्तयाब कर उनके माता-पिता से पूछताछ की, जिन्होंने ने नाबालिग (बालक-बालिका) के साथ कोई संज्ञेय अपराध का घटित होना नहीं बताया है जिसके बाद पुलिस द्वारा नाबालिको को दस्तायब कर उनके परिजनो को सुपुर्द कर दिया। उक्त दोनो नाबालिग की दस्तयाबी में थाना प्रभारी बुढ़ार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, मन्नू सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### 77 वाहन चालकों से वसूले गये समंस शुल्क



**शहडोल।** सीटी पुलिस द्वारा 05 जनवरी को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 77 चालानों में 31,100 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### 10 लीटर अवैध मदिरा जप्त

**शहडोल।** थाना सीधी क्षेत्रांतर्गत 04 जनवरी को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम चरहेट में दबिश देकर आरोपी रामकरण साहू पिता दउआ साहू निवासी चरहेट के कब्जे से 05 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत पुलिस ने ग्राम जमुनिहा में दबिश देकर आरोपिया शंकर महरा की पत्नी निवासी जमुनिहा के कब्जे से 05 लीटर कच्ची महुआ शराब मौके पर जप्त की गई।

## रेंजर को बचाने के फेर में माह भर से अटका हाईकोर्ट का आदेश

# बिजुरी रेंजर के खिलाफ जांच की फाइल अधर में

### बीट गार्ड पर झूठे आरोप लगाकर निलंबित करने का मामला

**ढ़ाई साल पहले 13 जुलाई 2021 को अनूपपुर जिले के बिजुरी रेंज में अवैध खनन, परिवहन के मामले में पकड़ी गई ट्रैक्टर पर कार्यवाही व उसे छोड़ने का मामला सुलझने का नाम नहीं ले रहा है, पहले बीट प्रभारी का निलंबन, फिर रेंजर पर गंभीर आरोप और फिर बीते माह उच्च न्यायालय के दखल के बाद हुए आदेश पर विभाग द्वारा कार्यवाही आगे न बढ़ाने के मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ा है।**

शहडोल।

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा 24 नवम्बर 2023 को वन कर्मचारी के द्वारा दायर याचिका में अपनी सुनवाई के बाद जो आदेश वन अधिकारियों को दिये हैं, वह बेहद शर्मनाक हैं, वन विभाग के निचले अमले में पदस्थ बीट प्रभारी के द्वारा की गई कार्यवाही और उसके बाद, उसके ऊपर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही के मामले में उच्च न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि अपनी जान जोखिम में डालकर वन क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों को उनके कार्यो के लिए सम्मानित करना चाहिए, लेकिन ऐसा शायद नहीं हो रहा है, माननीय न्यायालय ने यह भी कहा कि पीड़ति के द्वारा पूर्व में दी गई शिकायत को पुनः संकलित कर उस पर जांच की जाये और संबंधितों पर कार्यवाही की जाये। उच्च न्यायालय के इस आदेश को एक माह से अधिक का समय बीत चुका है, बावजूद इसके अभी तक मुख्य वनसंरक्षक, वन वृत्त कार्यालय शहडोल में यह आदेश पहुंचने के बाद भी उस पर कोई भी जांच या कार्यवाही अभी तक होती नहीं दिख रही है।

### षड्यंत्र कर छुपाये गुनाह

रेंज अधिकारी सुश्री जीतू सिंह बघेल पर इस मामले के पहले और इसके बाद भी विभाग में भ्रष्टाचार और अवैध खनन व माफिया को संरक्षण देने के आरोप लगते रहे हैं, पीड़ति बीट प्रभारी के द्वारा शिकायत में जो आरोप लगाये गये हैं, उसमें स्पष्ट है कि अनैतिक कार्यो को संरक्षण एवं गुनाह छुपाने के लिए षड्यंत्र रचकर बीट अधिकारी पर कार्यवाही कराई गई, वन विभाग से जुड़े सूत्र यह भी बताते हैं कि इस मामले में डीएफओ अनूपपुर न तो कार्यवाही के पक्ष में थे और न ही इससे पहले जब्त ट्रैक्टर को छोड़ने के पक्ष में, यही कारण था कि अनूपपुर छोड़कर रेंजर अधिकारी ने सीसीएफ कार्यालय की शरण ली और काल्पनिक स्वेच्छाचारिता जैसे शब्दों का उपयोग करते हुए खुद को बचाने के फेर में निलंबन का ताना-बाना बुना।



### यह हुआ था 2021 में

लगभग ढ़ाई वर्ष पहले 13 जुलाई 2021 को अनूपपुर जिले के बिजुरी वन परिक्षेत्र अंतर्गत बिजुरी बीट के डोंगरी टोला कक्ष क्रमांक पीएफ 566 में विभाग द्वारा तैनात वनकर्मी ने अवैध उत्खनन व परिवहन में लगी ट्रैक्टर को जब्त किया, जिसके बाद तत्कालीन रेंजर ने डिप्टी रेंजर के माध्यम से संदेश भेजकर ट्रैक्टर को छोडऩे के मौखिक आदेश दिये, लेकिन बीट गार्ड के द्वारा इस दौरान वन अपराध के तहत ट्रैक्टर पर कार्यवाही करते हुए उसे जब्त कर लिया गया, बीट गार्ड और रेंजर के बीच इसी दिन से खीचा-तानी शुरू हुई, जिसने पूरे विभाग के कारनामों को सतह पर लाकर रख दिया।

### बार्डर के इस रेंज में दर्जनों जुगाड़

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित बिजुरी वन परिक्षेत्र में वन्य प्राणियों के साथ ही वन्य संपदा और दो राज्यों का बार्डर होने के कारण जंगल के रास्ते से तस्करी अपने चरम पर होती है, यही नहीं शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण अंतिम छोर होने के कारण उस पैमाने पर नहीं होता। जो मुख्यालय और संभागीय मुख्यालय के समीप के रेंजों में अधिकारियों के पहुंच और दखल से होता है। यही कारण है कि यहां वन परिक्षेत्र अंतर्गत अवैध खनन भी बड़े पैमाने पर होता है, बिजुरी रेंज की कुर्सी के लिए अधिकारियों में आपाधापी मची रहती है और एक बार यहां पदस्थ होने के बाद अधिकारी यहां से किसी भी स्थिति में जाने को तैयार नहीं होते।

### माफिया बना शिकायतकर्ता

13 जुलाई 2021 को जिस खनन माफिया की ट्रैक्टर बीट अधिकारी ने अपनी ड्यिुटी करते हुए पकड़ी थी, रेंज अधिकारी ने उसे ही आशीर्वाद देते हुए न सिर्फ वाहन छोड़ने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया, बल्कि उसे और उसके गिरोह के माध्यम से झूठी शिकायतों का ताना-बाना भी बुना। हद तो तब हो गई जब अखिल भारतीय बाघ गणना के विभागीय कार्य के दौरान मास्टर ट्रेनर बने उसी बीट अधिकारी को बदनाम करने के लिए तथाकथित माफिया को आगे कर मास्टर प्लान बनाया गया, जिसमें विभाग की बदनामी तो हुई ही, साथ ही विभाग के अतिमहत्व पूर्ण बाघ गणना के क्रियान्वयन में तथाकथित लोगों के द्वारा रोडे अटकाये गये।

## थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण पर चर्चा के लिये बैठक हुई आयोजित



शहडोल।

जिले में स्थानीय मांगो एवं पुलिस विभाग की आवश्यकताओं एवं अपराधों की संख्या के अनुरूप जिले में थाना एवं चौकियों की सीमा का निर्धारण पूर्व में किया गया था। कालांतर में स्थानीय आबादी, भौतिक संरचना एवं अपराधों के परिदृश्यों में परिवर्तन आने के उपरांत पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा थानों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण करने हेतु सुझाव चाहे गए थे, जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्रों के पुर्ननिर्धारण के संबंध में आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर एवं बैठक लेकर युक्तियुक्त सुझाव प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया था। जिसके तारतम्य में थाना स्तर पर स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक ली गई एवं चर्चा करते हुए सुझाव प्राप्त किये गए।

थाना सिंहपुर परिसर में 05 जनवरी को पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक की उपस्थिति में थाना की सीमाओं के पुनर्निर्धारण हेतु बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में थाना प्रभारी एम.एल. वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, स्थानीय गांवों के सरपंच-उपसरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल रहे। बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुसार थाना सिंहपुर की सीमा व क्षेत्राधिकार के पुनर्निर्धारण के संबंध में चर्चा की गई एवं जनप्रतिनिधियों से राय प्राप्त की गई। जिन्हें अंतिम निर्णय के दौरान निश्चित रूप से विचारण में रखा जावेगा।

थाना गोहपारू अंतर्गत ग्राम खन्नौधी में थाना प्रभारी मो. समीर एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष, गोहपारू की उपस्थित में उक्त बैठक 04 जनवरी को संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र वरिष्ठ नागरिकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य व्यक्ति शामिल रहे। बैठक में निर्देशों के अनुसार थाना गोहपारू की सीमा पुनर्निर्धारण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं स्थानीय व्यक्तियों से राय प्राप्त की गई। स्थानीय लोगों के द्वारा खन्नौंधी में पुलिस चौकी की मांग रखी गई है।

थाना बुढ़ार परिसर में 05 जनवरी को थाना प्रभारी संजय जायसवाल, नगर पालिका परिषद् धनपुरी एवं बुढ़ार व थाना क्षेत्र के गांवों के ग्राम पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्षों के साथ उपस्थिति में उक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्राप्त निर्देशानुसार थाना की सीमाओं के संबंध में पुनर्विचार हेतु राय प्राप्त की गई। थाना सीधी परिसर में 05 जनवरी को थाना प्रभारी आर. के. गायकवाल, थाना क्षेत्र के गांवों के गणमान्य नागरिक एवं ग्राम पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्षों के साथ उपस्थिति में उक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्राप्त निर्देशानुसार थाना की सीमाओं के संबंध में पुनर्विचार हेतु राय प्राप्त की गई। शहडोल जिले के समस्त निवासी जो थाना-चौकी की स्थिति, सीमा या थाना क्षेत्रों के निर्धारण के संबंध में अपनी ओर से किसी प्रकार का बहुमुल्य सुझाव देना चाहते हैं, तो आप अपने निकटतम पुलिस थाना या उप निरीक्षक (अ) विजय सिंह कोर्चाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मोबाइल नं.- 7049156290 पर 10 जनवरी के पूर्व संपर्क कर अपना बहुमूल्य सुझाव दे सकते हैं।





## यात्रा का उद्देश्य हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना : सांसद

### हितग्राहियों को वितरित किया हितलाभ, नगपुरा एवं खोहरा में निकाली गई यात्रा

शहडोल।

मध्यप्रदेश में 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है, ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से शेष रह गए हैं, उन तक केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी वाली गाडियों में लगे एलईडी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर.घर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा हितलाभ भी वितरित किए जा रहे हैं। उक्त विचार शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने आज जनपद पंचायत बुढ़ार के ग्राम खोहरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किया। जनपद पंचायत बुढ़ार के ग्राम खोहरा में सांसद एवं विधायक की अगुवाई में निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत स्थानीय महिलाओं ने बैंडबाजा, फल एवं मालाओं से किया।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभागए कृषि विभाग, श्रम विभाग, मत्स्य उद्योग, शिक्षा, जल जीवन मिशन, राजस्व विभाग, स्टेट बैंक आफ इंडिया व्दारा बीमा योजनाओं से संबंधित स्टाल सहित अन्य विभागों व्दारा हितग्राही मूलक योजनाओं के स्टाल लगाए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने योजनाओं से लाभाविंत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण एवं वृद्धजनों का सम्मान भी किया।

इसी प्रकार जनपद पंचायत बुढ़ार के ग्राम पंचायत नगपुरा में भी सांसद श्रीमती सिंह एवं विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई तथा यात्रा के दौरान सांसद ने योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, जनपद उपाध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुद्रिका सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।



## पार्षद व सरपंच पद के उप चुनाव शांतिपूर्ण हुए सम्पन्न

शहडोल।

अभी हाल में ही विधानसभा चुनाव के बाद जिले में एक बार फिर चुनावी माहौल देखने को मिला, पार्षद पद का चुनाव बड़ा रोचक रहा, एक ही नाम की ननंद-भाभी ने आमने-सामने चुनाव लड़ा, दरअसल जिले के नगरपालिका धनपुरी में एक पार्षद की मौत के साथ ग्राम पंचायत पकरिया व जैतपुर के पैरीबहरा में सरपंच की मौत के बाद आज जिला प्रशासन ने शान्तिपूर्ण उप चुनाव कराया, इस पार्षद व सरपंच पद के उपचुनाव में लोगो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

जिले की धनपुरी नगरपालिका के वार्ड नं-28 की कांग्रेसी पार्षद की मृत्यु हो गई थी, इस उप चुनाव में खास बात यह रही कि धनपुरी



नगरपालिका के वार्ड नं.-28 में एक ही नाम की रिश्ते की ननंद-भाभी आमने-सामने रही, भाजपा से रिश्ते की ननंद गीता कोल तो वही कांग्रेस से भी भाभी गीता कोल ने सामने चुनाव लड़ी, इसी प्रकार जनपद पंचायत बुढ़ार के पकरिया ग्राम पंचायत व ग्राम पंचायत पैरी बहरा में सरपंच की मौत के बाद आज उप चुनाव कराए गए, जिला प्रशासन ने शान्तिपूर्ण उप चुनाव कराया, पार्षद व सरपंच पद के उपचुनाव में लोगो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

## भोपाल में आयोजित युवा उत्सव समारोह में जिले के युवाओं का हुआ चयन

### संतोष कोल ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

अमलाई।

जिले के संतोष कोल का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। संतोष कोल 12 जनवरी को नासिक महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव 2024 के लिए हुआ है संतोष कोल यहां पर फोटोग्राफी के लिए मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पहले 2 और 3 जनवरी को रविद्र भवन भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में संतोष कोल ने अनूपपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए, प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए उन्हें 10 हजार रूपये और शील्ड से सम्मानित किया गया। वहीं जिले की एक अन्य प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में एकल लोक नृत्य में कुमारी कृतिका द्विवेदी, दीपक साहू, रिचा मिश्रा, राजन सोनी, चंदन लालपुरी इन सभी का दल दूसरा स्थान प्राप्त किया।

शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव रविंद्र भवन भोपाल में 2 जनवरी से 3 जनवरी तक हुआ है, इसमें अनूपपुर जिले से फोटोग्राफी में संतोष कोल का चयन राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित संतोष कोल के सफलता में उनके फोटोग्राफी सहयोगी मोहन सिंह गौड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संतोष कोल एवं साथी को 10000 का चेक वही एकल लोक नृत्य के प्रतिभागी कृतिका द्विवेदी और उनकी टीम को द्वितीय पुरस्कार के लिए 6000 का चेक दिया गया एवं प्रथम पुरस्कार में ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया। भोपाल रविंद्र भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में संयुक्त संचालक बालू सिंह यादव, उपसंचालक वाणी साहू एवं विकास खरार कर एमके धौलपुरी उपसंचालक संभागीय खेल अधिकारी रीवा राजेश शाक्य, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी धार एवं रुबिका दीवान इन सभी वरिष्ठ खेल में युवा कल्याण अधिकारियों द्वारा रविंद्र भवन में प्रथम एवं द्वितीय आने पर इनको सम्मानित किया गया। इन प्रतिभागियों के साथ राज्य स्तर में अच्छा प्रदर्शन करवाने में दल मैनेजर के रूप में दिनेश कुमार सिंह चंदेल विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी जिला अनूपपुर नेशनल ट्रेनर स्टेट रेफरी मध्य प्रदेश मेडल दिलवाले में अहम भूमिका रही है। इन सभी प्रतिभागियों एवं दल मैंनेजर को अनूपपुर जिले के प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी शिवकुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



2 और 3 जनवरी को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सफलता अर्जित कर जिला खेल अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में धन्यवाद ज्ञापित करने पहुंचे जहां उनका पूरे जोश के साथ जिला वालीबाल संघ अनूपपुर के जिला अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, राजेश शुक्ला जिला वालीबाल संघ के उपाध्यक्ष एवं अमित शुक्ला जिला वालीबाल संघ के सचिव एवं जिला कोच रामचंद्र यादव के द्वारा मिठाई खिलाकर इनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल विभाग कल्याण अधिकारी अनूपपुर शिवकुमार सिंह ने प्रतियोगियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि हमारे अनूपपुर जिले की प्रतिभा 12 जनवरी 2024 को महाराष्ट्र के नागपुर में जाएगी एवं वहां भी अच्छा प्रदर्शन कर प्रथम स्थान ले आने में कामयाब होंगे आप हमेशा सभी प्रतिभागी एवं दल मैनेजर बधाई के पात्र हो निश्चित ही अच्छी सफलता ही आदमी को एक महान बनाती है और एक अच्छे पुरुष में एक अच्छा विचार एवं निखार ले आती है और आदमी एक अच्छा नागरिक बनकर भारत देश को आगे बढ़ाने में कामयाब होते है। रिचा मिश्रा के पति अमरनाथ मिश्रा का इस युवा उत्सव में इनको आगे बढ़ाने में इनका भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

खबर संक्षेप

## मारपीट के मामले में न्यायालय ने दोषमुक्त घोषित किया

रीवा। न्यायालय श्री मान न्यायिक दंडाधिकारी रीवा ( मध्य प्रदेश) समक्ष श्रीमती अदिति अग्रवाल जी ने प्रकरण क्रमांक 1256/2013 शासन बनाम समीम उर्फ लाला दाय वगैरह के मामले मे दिनांक 4/01/2024 को निर्णय पारित कर दोनो आरोपी समीम उर्फ लाला दाय व सफीक उर्फ बल्ला को दोषमुक्त घोषित किया। फरियादी ने थाना सिविल लाइन जिला रीवा मे दिनांक 18.4.2013 को रिपोर्ट लेख कराई थी कि रास्ता रोक कर आरोपियों ने नसा करने के लिए पैसे की मांग की, हल्ला गुहार करने पर मुँह दबाकर एकांत मे उठा ले गए थे एवं दोनो आरोपियों ने भद्दी भद्दी गाली देकर व जान से मारने की धमकी देकर लात- घूसों से काफी मारपीट की थी तथा आरोपी सफीक उर्फ बल्ला ने अस्तुरा से कई बार किये थे जिससे फरियादी को गंभीर चोटें आई थी फरियादी के वायान और रिपोर्ट के आधार पर थाना सिविल लाइन रीवा पुलिस ने आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्रमांक 242/2013 अंतर्गत धारा 341,294,323,324,506 B/34 भादवि पंजीबद्ध किया था न्यायालय ने सभी साक्षियों के साक्ष्य आहूत करने के उपरांत पाया कि अभियोजन प्रकरण को संदेह से परे प्रमाणित करने मे असफल रहा है एवं निर्णय पारित कर दोनो आरोपियों को दोषमुक्त घोषित किया आरोपी सफीक उर्फ बल्ला की तरफ से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता कुलदीप सिंह सोमवंशी ने की।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रथम रीवा आगमन परनप सिरमौर से 25 वाहनों के काफिले को सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी



रीवा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के रीवा एनसीसी ग्राउंड में प्रथम आगमन व हितग्राहियों के सम्मेलन को लेकर आयोजित सम्मेलन में नगर परिषद सिरमौर की विभिन्न योजनाओं के पात्र व लाभार्थियों से भरे 5 बसों के साथ निकाय से किए गए 20 वाहनों के काफिले को नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉक्टर एस बी सिद्दीकी द्वारा अध्यक्ष नगर परिषद सिरमौर संदीप सिंह एवम पार्षदों की मार्गदर्शन में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्यमंत्री के रीवा आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉक्टर एस बी सिद्दीकी द्वारा निकाय के वार्ड प्रभारियों को आदेशित किया गया था की प्रत्येक वार्ड से शासन द्वारा संचालित योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को रीवा ले जाने के लिए लोगो को घर जाकर सूचित कर आमंत्रण दे। सूचीबद्ध तरीके से निर्धारित वाहनों में एकत्रित कर कार्यालय में लाया गया, सभी को निकाय द्वारा आने जाने के लिए भोजन के पैकेट, पानी उपलब्ध कराया जाकर कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। सीएमओ डॉ एस एस बी सिद्दीकी ने खुद संभाली कमान माननीय मुख्यमंत्री के रीवा आगमन व एनसीसी ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को बस में बैठाने और उनके भोजन,पानी आदि की समुचित व्यवस्था, बस गाइड, नोडल, निकाय के कर्मचारियों के अलावा डा एस बी सिद्दीकी जी द्वारा स्वयं प्रत्येक बस, बोलेरो में निरीक्षण कर जायजा लिया गया। डा सिद्दीकी द्वारा सुबह से इसकी मॉनीटरिंग की गई व लगातार हितग्राहियों को बस में बैठाया जाकर गाइड व बस चालक, निकाय के कर्मचारियों को वाहनों में बैठे सभी हितग्राहियों को सुरक्षित वापसी घर तक लेकर आने के निर्देश दिए गए।

### जन आभार यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ यादव तथा उप मुख्यमंत्री का हुआ ऐतिहासिक स्वागत

# मुख्यमंत्री की जन आभार यात्रा में उमड़ा जन सैलाब



### मुख्यमंत्री डॉ यादव का रीवा की जनता ने पुष्प वर्षा करके किया अभिनंदन





रीवा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जन आभार यात्रा में आज रीवा पहुंचे। विवेकानंद पार्क कालेज चौराहा से जन आभार यात्रा आरंभ हुई। मुख्यमंत्री का विवेकानंद पार्क पहुंचने पर ढोल ढमाकों तथा पुष्प वर्षा के साथ लाड़ली लक्ष्मी बेटियों ने स्वागत किया। लाड़ली बहना हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। फूलों से सजे वाहन में मुख्यमंत्री जी जन आभार यात्रा में धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए आमजनता के बीच पहुंचे। वाहन में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद श्री जनार्दन मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह मुख्यमंत्री के साथ रहे। मुख्यमंत्री का कालेज चौराहे पर छात्र संगठन तथा खिलाड़ियों ने आत्मीय स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी का अभिवादन किया। जन आभार यात्रा में मुख्यमंत्री को तलवार भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने दोनों हाथों से तलवारें चलाकर लोगों का अभिवादन किया। सफेद शेरों की पावन धरा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के रीवा पहुंचने पर विवेकानंद पार्क से लेकर सांई मंदिर तक आभार यात्रा मार्ग को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया था।

मुख्यमंत्री डॉ यादव के प्रथम रीवा आगमन पर उनके स्वागत में जन सैलाब उमड़ा। मौसम प्रतिकूल होने के बावजूद सड़क के दोनों ओर भारी संख्या में आमजन अपने लाड़ले मुख्यमंत्री से मिलने के लिए देर तक प्रतीक्षा करते रहे। मुख्यमंत्री का काफिला पहुंचने पर आमजनता ने पुष्प वर्षा करके मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। जन आभार यात्रा में जनसेवा मित्रों तथा पटेल समाज द्वारा मुख्यमंत्री का कालेज चौराहे में सम्मान किया गया। सरपंच संघ के प्रतिनिधियों तथा कोल समाज के प्रतिनिधियों ने जान टावर के सामने मुख्यमंत्री का ढोल नगाड़ों तथा पुष्पहार से स्वागत किया। रिमझिम बारिश के बीच जन आभार यात्रा में मुख्यमंत्री बौद्ध समाज, कबीर संघ तथा रविदास समाज ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। जन आभार यात्रा के मार्ग के घरों से भी आमजनता ने मुख्यमंत्री डॉ यादव पर पुष्पवर्षा करके उनका अभिनंदन किया। जन आभार यात्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना तथा संबल योजना के हितग्राहियों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मानस भवन के सामने मुख्यमंत्री जी का रथ पहुंचने पर पार्षद कैप्टन नापित के नेतृत्व में भूतपूर्व सैनिकों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। जन आभार यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों स्वयंसेवी संस्थाओं, भारत वंशीय यादव महासभा एवं दुग्ध विक्रेता संघ, पेंशनर समाज, अधिवक्ता संघ, रीवा व्यापारी महासंघ, मुस्लिम समुदाय, सिख समाज, सिंधी समाज, विन्ध्य व्यापारी संघ, संत निरंकारी गायत्री परिवार, विप्र सेवा, प्रजापिता ब्राम्हकुमारी, रोटरी एवं लायंस क्लब, दवा विक्रेता संघ, अनाज व्यापारी संघ, सराफा व्यापारी संगठन तथा विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने जगह-जगह मुख्यमंत्री डॉ यादव का गजमाला, पुष्पवर्षा एवं केक कटवाकर तथा श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति की स्मृति चिन्ह, महामृत्युंजय भगवान का तैलचित्र एवं मुख्यमंत्री जी के स्केच चित्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। जन आभार यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्री रामचरित मानस भी भेंट की गयी।

जन आभार यात्रा में हर्षित मन से मुख्यमंत्री ने आमजनता का अभिवादन किया तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया। पूरी आभार यात्रा में देशभक्त के गीत, ढोल नगाड़ों के स्वर और जयकारे गूंजते रहे। जन आभार यात्रा में कमिश्नर रीवा संभाग अनिल सुचारी, एडीजीपी केपी व्यंकटेश्वर राव, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, कमिश्नर नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं नगर निगम के पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं में दिखा उत्साह, पुष्पवर्षा की लगी झड़ी

सीएम डॉ. मोहन यादव के प्रथम रीवा आगमन पर एक ओर जहां आमजनमानस में खुशी दिखाई दे रही थी वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम में शामिल होने आई छात्र-छात्राओं में उत्साह दिखाई दे रहा था। हाथों में पुष्प लिये अपने नये सीएम कर इंतजार करती रही, जैसे ही सीएम कॉलेज चौराहा स्थित विवेकानंद पार्क पहुंचे छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत अभिवंदन किया। स्वागत अभिवंदन में महिला बाल विकास की आई छात्रायें सिर पर मोर पंख का मुकुट पहन का सीएम की अगुवानी की।

### मैडल प्राप्त खिलाड़ियों ने मार्शल आर्ट का किया प्रर्दशन, सीएम ने बरसाया पुष्प

जन आभार यात्रा के शुभारंभ में ही कालेज चौराहे के समीप खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा अपने साथ राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेल में मैडल प्राप्त खिलाड़ियों की टोली के साथ सीएम का स्वागत किया। इस दौरान खिलाड़ियो ने मार्शल आर्ट का प्रर्दशन कर सीएम को मन मोह लिया। सीएम ने मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों पर पुष्पवर्षा करने के साथ ही हाथ हिला कर उनको प्रोत्साहन प्रदान किया। खिलाड़ियों में जिला खेल प्रशिक्षक तोसराम कनूजे, मैडल विजेता दिव्याशीं रवि, राखी बंसल, शिवा कुशवाहा, दीपिका चौधरी, अभिषेक बंसल, राजकुमार बंसल, सागर वर्मा एंव नये खिलाड़ियो में वरुण प्रताप सिंह सिंह लगभग 20 लोगों ने मार्शल आर्ट कराते का प्रर्दशन किया।

### महामृत्युंज की तस्वीर के साथ ही तलवार की भेंट

रीवा एक ओर सफेद शेर की धरती कही जाती है तो वहीं दूसरी ओर भगवान महामृत्युंजय की नगरी के रूप में भी जाना जाता है। सीएम डॉ. मोहन सिंह के प्रथम रीवा आगमन पर जगह-जगह स्वागत के साथ ही रीवा की जनता ने सीएम को भगवान महामृत्युंज की तस्वीर एंव तलवार भेंट की। स्वागत करने वालों में युवा व्यापारी संघ, दुग्ध्य विक्रेता संघ, मुस्लिम समुदाय के साथ ही सनातन धर्म के आचार्यो की टोली ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आचार्यो ने सीएम डॉ. मोहन यादव के रीवा प्रथम आगमन पर भगवान श्रीराम दरबार की तस्वीर भेंट कर अभिवादन किया।

### संत निरंकारी सेवा मंडल ने गजमाला से सीएम का किया स्वागत

आभार यात्रा के दौरान हेमू कल्याणी चौक में संत निराकारी सेवा मंडल द्वारा सीएम का गजमाला के साथ स्वागत किया गया। सीएम डॉ. मोहन यादव ने गजमाला को स्वीकार करते हुए संत निरंकारी सेवा मंडल का अभिवादन किया। इस दौरान संत निराकारी मिशन से जुड़े अजय काकवानी, राजेश आहूजा, नितिन सिंह सेंगर, काली निरंकारी, रवि जोतवानी, रंजू भद्रा, राजेश अठोत्री, लवकुश पांडेय, अनुज प्रताप सिंह गुड्डू, अरूण सिंह अन्नू एंव ओम द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एस.पी. मेमोरियल कान्वेंट एकेडमी हायर सेकेंड्री स्कूल में वार्षिकोत्सव

रीवा। जिले रतहरी में स्थित एस.पी. मेमोरियल कान्वेंट एकेडमी हायर सेकेंड्री स्कूल में हर्ष उल्लास के साथ वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया वार्षिकोत्सव दिवस पिछले वर्षों को प्रतिबिंबित करने , संकल्पनाओं का जश्न मनाने और नए संकल्प लेने का समय होता है कार्यक्रम प्रथम महिला शिक्षिका नारी शिक्षा की जननी माता सावित्रीबाई फुले जी के जन्म जयंती की अवसर पर 3जनवरी 2024 को पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हमारी संस्था के बच्चों ने कार्यक्रम के माध्यम से अध्यात्म, साधना और संस्कार दिखाते हुए बहुत ही मनमोहक दृश्य दिखाया जिसमें अध्यक्षता कर रहे संस्था संस्थापक परम सम्माननीय मास्टर बुद्धसेन पटेल जी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हम न केवल छात्र छात्राओं को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच भी प्रदान करते हैं और साथ ही छात्रों शिक्षको और सहायक स्टाफ सदस्यों के प्रयासों को स्वीकार करते हुए सराहना की उन्होंने सभी सम्मानित अतिथियों का उनके बहुमूल्य समय और उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ,साथ ही यह भी कहा कि यह उत्साहवर्धन एक अविस्मरणीय अनुभव था और इसमें दर्शकों के मन पर अमिट छाप छोड़ी जिसमें संस्था प्राचार्य पुष्पराज पटेल जी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कविता के माध्यम से कहा कि ₹₹सफलता और मंजिल का शिक्षा ही किनारा है बदल दिया जीवन जिसने शिक्षा ही वो सहारा है ₹₹



मंच संचालन कर रहे शिक्षक उमेश मिश्रा जी ने बहुत ही रोचक समा बांधा एवं संगीत शिक्षक शुभम तिवारी जी,अमित सोनी,सत्यम पांडे एवं साथ में स्कूल के बच्चों समीर पटेल ,सोम रजक ,आर्यन पटेल ने समा बांधा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रुप से उपस्थित सह संस्थापक सावित्री बाई फूले राज्य स्त्री सम्मान से सम्मानित माता कमला पटेल जी , डॉ. वी.बी सिंह, डॉ.अभिलाष सिंह. डॉ. सौरभ पटेल ,एड शिव सिंह संयोजक संयुक्त किसान मोर्चा ,पूर्व पार्षद वार्ड 15 अशोक पटेल झब्बू ,यातायात थाना प्रभारी रीवा अखिलेश कुशवाहा, रामपाल सिंह सेंगर जनपद सदस्य , समाजसेवी परमजीत डंक ,सावित्री शिक्षा सदन संचालक डी. पी .पटेल,डॉ राजीव सिंह, शिक्षक पतिराज सिंह ,डॉ उमेश पटेल संचालक जॉन मिशन स्कूल ,संत कुमार पटेल किसान मोर्चा ,उमाशंकर कुशवाहा समाजसेवी, दिनेश सिंह ओबीसी ,दिनेश डायमंड सरदार सेना ,उमेश पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन ,सविता विश्वकर्मा प्राचार्या सद्गुरु नर्सिंग कॉलेज , डायरेक्टर मनीष पटेल ,प्रभारी प्राचार्या लॉर्ड बुद्धा स्कूल आफ नर्सिंग साधना पटेल, एचओडी मृगेंद्र पटेल ,विश्वनाथ चोटी वाला प्रदेश प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन , आई. एन.एच. न्यूज चैनल के डिवीजन हेड राहुल दुबे, विवेक नामदेव बीआरसी रीवा,बृजेश तिवारी शिक्षक, अमरीश पटेल युवा समाजसेवी ,दीपक पटेल युवा कलाकार ,राहुल तिवारी अंसुईया सिक्योरिटी सर्विस संचालक, छत्रपति शाहूजी शिक्षा महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य बृजेंद्र मणि पटेल ,रामसखा पटेल बाबूजी, आशना पटेल, शशिकला दुवेदी , यकृति विश्वकर्मा , स्कूल परिवार से जिसमे मुख्य रूम से सह संचालक ज्योती सिंह ,उप प्राचार्य राजकुमार अहिरवार , गगन परसाई ,विपिन सिंह पटेल , प्रद्युमन त्रिपाठी , ज्ञानेंद्र कुशवाहा , ,लक्ष्मी पटेल ,पूर्णिमा चतुर्वेदी, आशू पटेल ,ममता पटेल ,पूर्णिमा शुक्ला , काजल सिंह बघेल ,शैलजा पटेल,अन्नू शुक्ला , निर्मला पटेल ,पवन पटेल ,कीर्ति पटेल , पुष्पा पटेल , अभिषेक नामदेव,शिवेंद्र तोमर ,अरुण पटेल , निर्भय पटेल ,बुद्धसेन कुशवाहा,रामनरेश दाहिया, जयशंकर सिंह ,अर्चना सेन ,राजकुमारी रजक कार्यक्रम के अंत में संस्था संस्था संचालक की तरफ से आए हुए विशिष्ट अतिथियो एवं सत्र 2022-23 बोर्ड परीक्षा में अपना स्थान रखने वाले बच्चों एवं कल्चरल प्रोग्राम में सफल अपना स्थान रखने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया साथ ही हमारे यहां के पूर्व शिक्षक रहे देवेंद्र सिंह, शैलेष लगरखा वर्तमान शासकीय शिक्षक को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया अंत में संस्था संचालक एडवोकेट अभिषेक पटेल जी ने शिक्षा का महत्व बताते हुए आए हुए समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किए।

## रीवा के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोंडी जायेगी - मुख्यमंत्री




रीवा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रीवा के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। कृषि क्षेत्र में विकास के साथ-साथ रोजगार परक विकास के लिये नवीन उद्योग स्थापित होंगे तथा रीवा जिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उक्त उद्गार रीवा में आयोजित जनसभा में व्यक्त किये। इस दौरान उन्होंने 337.90 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया तथा हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस दौरान प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा में जन आभार यात्रा के उपरांत एनसीसी मैदान में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पूर्व से संचालित सभी विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जायेगा तथा पूर्व की कोई भी योजना बंद नहीं होगी। डॉ. यादव ने कहा कि रीवा में संचालित कृषि उपज मंडी को सर्वश्रेष्ठ मंडी बनाया जायेगा तथा संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना में राशि की कोई कमी नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कार्यों के विकेन्द्रीकरण के उद्देश्य से भोपाल के वल्लभ भवन से बाहर निकलकर संभाग, जिला एवं मोहल्लों व गली-गली में विकास के आयाम के अनुसार बैठकें आयोजित की जा रही हैं ताकि वहां की वस्तुस्थिति से अवगत हुआ जा सके तथा आगे की कार्ययोजना बन सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति के साथ सनातन धर्म व संस्कृति को सर्वोच्च स्थान पर रखकर आगे बढ़ने के सभी कार्य प्राथमिकता से होंगे। हमें अपनी गौरवमयी संस्कृति पर गर्व है। इसे शामिल कर विकास के सभी कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि रीवा में सनातन संस्कृति को बचाने के लिये अनेकों लोगों ने बलिदान दिया है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में खनिज क्षेत्र से जुड़े जिलों में सब्सिडी देकर खनिज आधारित उद्योगों को आगे बढ़ाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने रीवा में जन आभार यात्रा में हुए अभूतपूर्व स्वागत के लिये ह्मदय से धन्यवाद दिया तथा रीवा वासियों को आश्वस्त किया कि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के साथ मिलकर रीवा का सर्वांगीण विकास होगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में बाणसागर की नहरों की सिंचाई सुविधा मिलने से रीवा की तस्वीर बदल गई है। आने वाले समय में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेकों कार्य होंगे तथा रीवा व विन्ध्य विकास के सर्वश्रेष्ठ पायदान पर होगा। उन्होंने कहा कि विन्ध्य की धरती से दौलत पैदा होती है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में रीवा के चहुंमुखी विकास के सभी कार्य प्राथमिकता से होंगे। श्री शुक्ल ने मुख्यमंत्री जी से मांग की कि रीवा कृषि उपज मंडी को आदर्श मंडी का दर्जा दिलाया जाय। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि आगामी फरवरी/मार्च में रीवा हवाई अड्डा के लोकार्पण अवसर पर वह केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया जी के साथ उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि रीवा जिले में अभी 3 लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। अन्य स्वीकृत परियोजनाओं के पूरा होने पर 9 लाख एकड़ क्षेत्र सिंचित होने लगेगा। रीवा में केन्द्र शासन द्वारा 3 हजार 200 करोड़ रूपये की नल जल योजनाएं क्रियान्वित हैं तथा शीघ्र ही हवाई अड्डा भी लोकार्पित होगा तथा रीवा हवाई मार्ग से जुड़ जायेगा। इससे पूर्व कन्या पूजन व दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सुपाड़ी से निर्मित भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट की। इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह, श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद सतना गणेश सिंह, विधायक नागेन्द्र सिंह, दिव्यराज सिंह, इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र सिंह गहरवार, सिद्धार्थ तिवारी, रीति पाठक, श्रीकांत चतुर्वेदी, विश्वामित्र पाठक, राजेंद्र मेश्राम, रामनिवास शाह, कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रीवा श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ अजय सिंह, महापौर सतना योगेश ताम्रकार, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने किया 337 करोड़ के निर्माण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जन आभार यात्रा में शामिल होने के बाद एनसीसी मैदान में आयोजित आमसभा को संबोधित किया। आमसभा में मुख्यमंत्री ने 337 करोड़ 90 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 326 करोड़ 54 लाख रुपए की लागत के 40 शिलान्यास किये। इसमें 40 सड़कों के निर्माण कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने 11 करोड़ 36 लाख 40 हजार रुपए के कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें दो स्कूल भवन, केन्द्रीय जेल रीवा की आठ बैरकें तथा नगर निगम रीवा में सड़कों के सुधार एवं नाला निर्माण के 6 कार्य शामिल हैं।

## बाइक एवं साइकिल की भिड़ंत, तीन घायल, 2 की हालत गंभीर







### नईगढ़ी थाना क्षेत्र की सुमेदा गांव के पास घटी घटना

मऊगंज। जिले के कटरा मऊगंज मार्ग पर नईगढ़ी थाना क्षेत्र के सुमेदा गांव के पास मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रही बाइक एवं साइकिल के बीच सीधी टक्कर हो गई जिससे साइकिल सवार पिता पुत्री सहित बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आसपास के लोगों के सहयोग से 108 इमरजेंसी एंबुलेंस से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में भर्ती कराया गया जहां दो की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत संजय गांधी अस्पताल रीवा के लिए रेफर कर दिया है। सड़क दुर्घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 जनवरी की शाम करीब 7 बजे कटरा मऊगंज मार्ग पर सुमेदा गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक एवं साइकिल के बीच सीधी टक्कर हो गई। जिससे साइकिल सवार मोहनलाल कोल 40 वर्ष एवं उनकी पुत्री विभा कोल उम्र 17 वर्ष निवासी करकचहा थाना शाहपुर जिला मऊगंज घायल हो गए वहीं बाइक चालक युवक राजकुमार यादव पिता दिनेश कुमार यादव उम्र 23 वर्ष निवासी हरदी तिवरियांन थाना नईगढ़ी जिला मऊगंज घायल हो गया। सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में भर्ती कराया गया। जहां साइकिल चालक मोहनलाल कोल एवं बाइक चालक राजकुमार यादव की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत संजय गांधी अस्पताल रीवा के लिए रेफर कर दिया गया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में नेत्र प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

### 130 मरीजों का हुआ परीक्षण, 25 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित





मऊगंज। जिले के नईगढ़ी मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दिशा-निर्देश एवं जिला सीएमएचओ रीवा के मार्गदर्शन व ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ आरके पाठक के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में शुक्रवार 5 जनवरी को विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 130 मरीजों का परीक्षण हुआ जिसमें 30 मरीज़ मोतियाबिंद के चिन्हित पाए गए। चिह्नित मरीजों का बीपी, सुगर सहित पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 25 मरीज लैंस प्रत्यारोपण हेतु फिट पाए गए। जिन्हें विशेष बाहन द्वारा जिला चिकित्सालय रीवा भेजा गया। आयोजकों द्वारा मरीजों, के कुशलता की कामना की गई है। आयोजित नेत्र प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से बीएमओ डॉ आरके पाठक के साथ नेत्र सहायक बीएल तिवारी रमेश पटेल रवि वर्मा आशीष खरे राम बिहारी मौर्य अंबर वर्मा इंद्रपाल सेन बृजलाल कोल सहित विभाग के जिम्मेदार लोगों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# हाईवे के किनारे खड़े ट्रक यानी साक्षात 'यमराज'!

## हाइवे खून से हो रहा लाल, सिफर कार्यवाही पर खड़े हो रहे सवाल

**ढाबो के पास बेवजह खड़े वाहन बन रहे दुर्घटना का कारण**

**सड़क पर खड़ा वाहन कब किसके जिन्दगी की खुशियों को कर दे वीरान**

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मे मुसाफिरों की जिन्दगी हमेशा दांव पर लगी रहती है और बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन दुर्घटनाओ का सबब बन रहे है। आये दिन हाइवे खून से लाल हो रहा है इसके बावजूद भी जिम्मेदार सबक लेने को तैयार नही है।



अनूपपुर।

बड़े वाहनो के चालको ने राष्ट्रीय राजमार्ग को पार्किंग स्थल बना लिया है जिससे तेज रफ्तार वाहनों के लिए हाईवे पर खड़े वाहन मुसीबत बन गये है। ताबड़तोड़ दुर्घटनाओं के बाद भी स्थानीय प्रशासन उदासीन बना हुआ है। इस मार्ग पर दुर्घटना बाहुल्य इलाको में भी सुरक्षा के कोई खास उपाय नही किये गये है हाइवे के किनारे जगह-जगह होटल व ढाबे खुल गये है इन ढाबों पर रुकने वाले वाहन आधी सड़क तक कब्जा जमाकर बेगुनाहों की जिन्दगी लील रहे हैं। हाइवे से बिल्कुल सटाकर संचालित किये जा रहे ढाबो व होटलों पर हर समय भारी वाहन खड़े रहते हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 हाईवे पर जितनी रफ्तार से वाहन फर्राटा भरते दिख रहे हैं, हादसों का मीटर भी उतनी ही रफ्तार से भाग रहा है। इधर, कुछ दिनों से हाईवे के किनारे खडे ट्रक यमराज की तरह प्राण लेने पर तुले हैं। महीने भर के भीतर ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें खडे ट्रक में पीछे से टक्कर मारने की वजह से दुर्घटना हुई। पुलिस व परिवहन विभाग की चेतावनी को न तो ट्रक वालों ने गंभीरता से लिया, न ही ढाबे वालों ने कोई उपाय किया। इस राष्टीय राजमार्ग पर नजर डालें तो दर्जनों स्थानों पर होटल व ढाबे संचालित हैं। जहां पर भारी वाहन व ट्रेलर आदि वाहनों के चालक भोजन के लिए रूकते हैं, लेकिन ढाबा संचालकों द्वारा वाहनों को खड़ा करने की माकूल व्यवस्था न करने की वजह से चालक गाड़ी को सड़क किनारे ही खड़ी कर देते हैं। दिन में तो कुछ गनीमत रहती है लेकिन रात में तो यह वाहन मौत का कुंआ साबित होते हैं, जरा सी चूक पर पीछे से आने वाले वाहन इसमें भिड़कर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। वैसे तो आए दिन होटलों व ढाबों के सामने खड़े वाहनों में भिड़ने से दुर्घटना होती रहती है लेकिन जब कभी बड़ी दुर्घटना होती है तो आला अधिकारियों की नींद टूटती है। फौरन बैठक कर वह ढाबा मालिकों व वाहन चालकों के ऊपर कार्यवाही करने की कागजी रणनीति तैयार करते हैं। फरमान तो जारी होता है लेकिन कार्यवाही सिफर होने से यह समस्या स्थायी हो गयी है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे लावारिस हालत में खड़े भारी वाहन कब मौत को दावत दे दें तय नहीं है। इन खड़े वाहनों से आए दिन भोर व रात में अक्सर सामान या पीछे से आकर वाहन टकरा जाते हैं। कहने को तो संबंधित थानों के सिपाहियों को रात व दिन में हाइवे पर गश्त पर रहने के निर्देश हैं, लेकिन वह भी कभी कभार ही डयूटी पर रहते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढाबों के आसपास सड़क पर ही खड़े किए जाने वाले भारी वाहन हादसों का कारण बन रहे हैं। इन वाहनों में न तो पार्किंग लाइट जलाई जाती है और न ही रेडियम रिफ्लेक्टर रहते हैं, जिससे कोई भी दूसरी गाड़ी आकर टकरा जाती है। हाईवे पर व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। यही कारण है कि अभी तक होने वाली दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा सड़क किनारे खड़े खराब वाहन या ढाबों पर खड़े वाहनों के पीछे से आकर भिड़ने से हुई हैं। इन हादसों में कई घायल हो चुके हैं तो कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। हाईवे पर ऐसे वाहन रोज खड़े दिखाई दे जाएंगे जिनके इंडीकेटर ब्रेक बत्ती तक नहीं जलती। भोलगढ़, पसला स्थान ऐसे हैं जहां दर्जनों की संख्या में ट्रक व ट्रेलर आदि हैवी वाहनों को खड़ा करके चालक खाना खाने या फिर आराम करने चले जाते हैं। ढाबा संचालक भी वाहन चालकों से किसी प्रकार की टोका टाकी नहीं करते हैं। कई बार देखा जाता है कि एक वाहन की खराबी पर उसी कम्पनी की कई गाड़ियां एक साथ सड़क किनारे खड़ी हो जाती हैं। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को छोड़कर, बेमतलब खड़े होने वाले ट्रक व हैवी वाहनों को पुलिस वहां से हटवाने की जहमत नही उठाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर हर महीने में आठ से दस दुर्घटनाएं ऐसी होती हैं जिनमें सड़क किनारे खड़े वाहन कारण बनते हैं। पुलिस विभाग को चाहिये कि वह हाईवे पर खड़े मिलने वाले वाहन ड्रायवर सहित ढाबा संचालको पर भी सख्त कारवाई करे।

## खबर संक्षेप



### बैगा परिवार को शासन की योजना से लाभान्वित करने किया जा रहा सर्वे

**अनूपपुर।** 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस पर विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के हितग्राहियों के उन्नयन हेतु प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान प्रारंभ किया गया है। जिसमें विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के ऐसे परिवार जिन्हें शासन/विभाग की योजनाओं से अभी तक लाभान्वित नही किया गया है। उन्हें योजना से जोड़कर लाभान्वित कर उसका सतत विकास करने के उद्देश?य से पीएम जन-मन के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों का सर्वे का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर बैगा परिवारों के सर्वे का कार्य जिले में अभियान के रूप में कर लाभान्वित करने की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों से लेकर ग्राम स्तरीय अमले को इस कार्य में लगाया गया है। इस हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम बनाकर पीवीटीजी सर्वे के संकलन का भी कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को पीवीटीजी सर्वे अभियान के अनुभाग स्तरीय नोडल अधिकारी संबंधित एसडीएम तथा प्रभारी संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित दल द्वारा घर-घर किए जा रहे सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज यहां होगा कार्यक्रम

**अनूपपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपदवार निर्धारित रूट अनुसार 17 दिसम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक आयोजन के तारतम्य में 06 जनवरी को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत आमाडाड तथा चुकान, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत पपरौड़ी तथा कुकुरगोड़ा, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत शिवरीचंदास, रनई कापा, बेलडोंगरी तथा अचलपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर का आयोजन संबंधित ग्राम पंचायत परिसर में किया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस आयोजन की तैयारी बैठक 8 को

**अनूपपुर।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभाकक्ष में बैठक का आयोजन 8 जनवरी 2024 को समय-सीमा बैठक के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया है। उक्ताशय की जानकारी संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय ने देते हुए सर्व संबंधितों को नियत स्थान व समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### बेंदी में पंच पद का निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**राजेन्द्रग्राम।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के जारी समय सारणी के अनुरूप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत बेंदी के वार्ड क्रमांक 5 में पंच पद के निर्वाचन के लिए मतदान प्रातः 7:00 से अपराह्नन 3:00 बजे तक हुआ पंच पद के निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी की संख्या 2 थी मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रही मतदान के पश्चात मतो की गणना मतदान केंद्र पर की गई मतदान परिणाम की घोषणा 11 जनवरी को विकासखंड मुख्यालय पर होगी।

### जिले में अब तक 635429.78 क्विंटल धान की खरीदी

**अनूपपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले में बनाए गए 34 उपार्जन केन्द्रों में एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन पंजीकृत कृषकों से किया जा रहा है। जिले में अब तक 12111 पंजीकृत किसानों से 635429.78 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है।

# वाहन चालकों की दो दिनों की हड़ताल समाप्त, यातायात व्यवस्था पटरी में



### टैक्सी यूनियन ने नये कानून वापस लेने की मांग का सौपा ज्ञापन

**अनूपपुर।** जिले में सोमवार से जारी बस ट्रक चालकों की हड़ताल बुधवार को समाप्त हो गई है। जन जीवन सामान्य हो गया। जिले भर में बस, ऑटो एवं मालवाहको का संचालन शुरू हो गया। शहर के बस स्टैंड पर अभी एक-दो बसें ही चल रही हैं। जिले में धीरे-धीरे यातायात पूरी तरह समान्य हो रहा हैं। 3 जनवरी बुधवार को नये कानून को वापस लेने की मांग को लेकर टैक्सी यूनियन कल्याण समिति द्वारा इंदिरा तिराहे से शिव मारूति मंदिर सामतपुर तक टैक्सी वाहन की रैली निकालकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों ने दो दिनों तक हड़ताल पर थे। हड़ताल से यातायात व्यवस्था चरमरा गई थीं और यात्रियों को आने जाने में परेशानी हो रही थी। सरकार के आश्वासन कानून लागू नहीं करने के बाद ड्राइवरों ने हड़ताल खत्म कर दी। इसके बाद जिले में ड्राइवर काम पर लौट आए है। धीरे-धीरे यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बहाल हो जाएगी। जिले के पेट्रोल पंपों में भी लोगों को आसानी से पेट्रोल मिल रहा हैं। कलेक्टर ने पेट्रोल पंप संचालकों को पेट्रोल-डीजल रिजर्व रखने का आदेश दिया था। जिसके कारण पंप से सीमित मात्रा में पेट्रोल मिल रहा था। लेकिन, हड़ताल खत्म होने के बाद अब लोगों को आसानी से पेट्रोल-डीजल मिल पा रहा हैं।

# जिले भर में गली गली बिक रही अवैध शराब

## संदेह के घेरे में आबकारी विभाग की भूमिका

### उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप की आवश्यकता

अनूपपुर।

जिले भर में शराब ठेकेदार द्वारा अवैधानिक तरीके से जिले भर के शहर, नगर व उनसे जुड़े आसपास के गांवों में पैकारी करवाकर लाखो की शराब बुजुर्ग, बड़े, युवा व बच्चों को परोसी जा रही है। आखिर आवकारी विभाग के जिम्मेदारों के रहते ये कैसे हो रहा है ये आम जनमानस के समझ से परे है। पूरे अनुपपुर जिले में अनुपपुर, जैतहरी, चचाई, वेंकटनगर, फुनगा, भालूमाड़ा, जमुना, बदरा, कोतमा, बिजुरी, राजनगर व इनसे जुड़े आसपास के गांव में धड़ल्ले से शराब ठेकेदार बिना किसी के भय या ये कहा जाए कि विभागीय व राजनैतिक संरक्षण प्राप्त कर अवैध शराब परोस रहा है।



### आबकारी आधिकारियों की मिली भगत

शराब ठेकेदार द्वारा जिस तरह खुलेआम क्षेत्र में अलग से अवैधानिक शराब दुकान खोलवाई गई है वही कई गावों में जगह-जगह अवैध शराब बेधड़क बिकवाई जा रही है। उससे आबकरी विभाग के अधिकारियो कर्मचारियो की भी भूमिका संदेहास्पद ही लगती है। गावों में खुलेआम अवैध शराब बिकवाने के कारण गांव गांव शराब आसानी से सुलभ हो जाने से शराबियो का उत्पात बढ़ता जा रहा है। शराबियो के बढ़ते उत्पात के वजह से बहन बेटियो का घरो से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

### राह चलना हो रहा मुश्किल

शराब के नशे में धुत शराबी राहगीरो के साथ गाली गलौज मारपीट व लूटपाट की घटनाओ तक को अंजाम देते है जिससे अपराधिक घटनाये बढ़ने लगी है। अगर गांव-गांव गली-गली में इसी तरह खुलेआम अवैध शराब बिकती रही तो वह दिन दूर नही जब क्षेत्र मे लूट पाट चोरी डकैती सहित तरह तरह की अपराधिक घटनाये अत्यधिक बढ़ जायेगी जिसको रोक पाना मुश्किल हो जायेगा।

### पुलिस को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता

अनूपपुर पुलिस व आबकारी विभाग को शराब ठेकेदार द्वारा गांव-गांव, गली-गली बेधड़क बिकवाई जा रही अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने तथा दोषी शराब ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक प्रतिबधांत्मक कार्यवाही कराने के लिये कडे.कदम उठाने की आवश्यकता है।

## बिजुरी, राजनगर से मैहर तक युवाओं का जत्था हुआ पैदल रवाना

# विधायक की जीत के लिए मांगी थी मुराद



राजनगर।

कहते हैं माता के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई कामना जरूर पूरी होती है। ऐसी ही मनोकामना बिजुरी, राजनगर के युवाओं ने कोतमा विधानसभा प्रत्याशी दिलीप जायसवाल के लिए मांगी थी। जो माता ने पूरा किया। पहले दिलीप जायसवाल विधायक चुने गए और अब मध्यप्रदेश शासन में राज्य मंत्री बनाए गए। जिसके बारे में जानकारी देते हुए संतोष जायसवाल ने बताया कि जिले के कोतमा विधान सभा के बिजुरी निवासी भाजपा प्रत्याशी दिलीप जायसवाल की जीत के लिए हम युवाओं ने कामना की थी जिसे माता ने पूर्ण करते हुए दिलीप जायसवाल को भारी मतों से जीत दिलाई इतना ही नहीं मध्यप्रदेश शासन ने दिलीप जायसवाल को राज्य मंत्री कुटीर और ग्रामीण उद्योग बनाया गया। जिसके बाद बिजुरी, राजनगर के नगर परिषद बनगवां राजनगर से युवाओं का जत्था मैहर शारदा माता के दर्शन हेतु 5 जनवरी को सुबह रवाना हुआ जो पैदल यात्रा करते हुए 320 किमी का सफर तह कर मैहर पहुचेंगे। जो मुख्य सड़क मार्ग से राजनगर, कोतमा, अनूपपुर, शहडोल, सोहागपुर, मानपुर, बरही, के रास्ते मैहर पहुचेंगे। इस पद यात्रा में समाज सेवी संतोष जायसवाल भीम, नारायण साहू, ब्रजभूषण त्रिपाठी, कुश बिंद, केदार रौतिया, सचिन द्विवेदी, अमन केवट, शामिल हुए।

# नगर पालिका की अनदेखी का शिकार हो रहा दीनदयाल परिसर

कोतमा।

नगर पालिका के द्वारा स्टेशन चौक के पास दीनदयाल परिसर का निर्माण करवाया गया है। जिसमें दुकान भी आवंटित की गई है। दीनदयाल परिसर का हाल बुरा है रात्रि में दुकान जब बंद हो जाती हैं तब असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। जिनके द्वारा दुकान के नीचे बैठकर शराब सहित अन्य असामाजिक गतिविधियां की जाती हैं। यहां तक कि कचरा इकट्ठा कर आग लगा दिया जाता है और जब सुबह दुकानदार दुकान खोलने आते हैं तब उन्हें यह माजरा समझ में नहीं आता है कि आखिर आग क्यों लगाया जाता है दुकानदारों के द्वारा नगर पालिका में भी शिकायत की गई है लेकिन नगर पालिका के द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं दुकानदारों ने कार्यवाही करने की मांग की है।



### रात्रि बना रहता है रेन बसेरा

दीनदयाल परिसर इन दिनों रात्रि में लोगों के सोने के लिए रैन बसेरे का भी काम कर रहा है जबकि कलेक्टर के निर्देश है कि नगर में स्थित रैन बसेरे में सारी व्यवस्थाएं करते हुए जो लोग ठंड में नगर की गलियों एवं आम रास्तों में रात्रि गुजारा कर रहे हैं उन्हें व्यवस्थित रेन बसेरा में स्थान दिया जाए लेकिन नगर पालिका प्रशासन कलेक्टर के आदेश को भी ठेंगा दिखा रही है। इनके पास रात्रि में समय ही नहीं है कि नगर की गलियों में घूम कर व्यवस्थाओं का जायजा ले जिसके चलते करके की ठंड में गरीब तबके के लोग रात्रि में दीनदयाल परिसर को रेन बसेरा के रूप में उपयोग कर रहे हैं।

# अटल प्रतिज्ञा लेकर पदयात्री मन्नूलाल सेन 8 को निकलेंगे अयोध्या धाम

अनूपपुर।

नगर के मशहूर पदयात्री मन्नूलाल सेन सोमवार 8 जनवरी को प्रभु राम की जन्म स्थली अयोध्या धाम के लिए अनूपपुर से अयोध्या धाम लगभग 700 किलोमीटर की पद्यात्रा करेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पद यात्री मन्नूलाल सेन ने देते हुए बताया कि उन्होंने 2017 में अमरकंटक की पद्यात्रा (वर्ष में 5 बार) करने के बाद नर्मदा परिक्रमा यात्रा लगभग 3960 कि.मी. की वर्ष 2018 में की,जिसमें अमरकंटक से प्रारंभ होकर खम्भात की खाड़ी होते हुए अमरकंटक में यात्रा कन्या पूजन एवं कन्या भोज कराने के बाद समाप्त की। जगतपति श्रीराम के भव्य मंदिर के 22 जनवरी में प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व अयोध्या धाम पहुँच कर प्रभु श्री राम के चरणों में मस्तक नवाने की अटल प्रतिज्ञा लेकर 8 जनवरी सोमवार को शंकर मंदिर चौराहे से अपनी पद्यात्रा प्रारंभ करेंगे। उनके सभी इष्ट मित्रों एवं नगर वासियों ने उनकी इस यात्रा को सफलता पूर्वक सम्पन्न होने की शुभ-कामनाएं दी हैं।3

